खाटू वाले बाबा मेरे श्यामधनी

तर्ज़ :- मेरे प्यार की उम्र हो इतनी सनम

॥ जय श्री श्याम ॥

खाटू वाले बाबा मेरे श्याम धनी ।
तेरी किरपा की मुझको जरुरत घनी ।

1. तेरे दर पर लगाते है अरदास मेरे श्याम ।
तुम सुनते हो सबकी और पूर्ण करते काम ।
तुमसा दानी दयालु और न कही
तेरी किरपा की मुझको जरुरत घनी ।

2. खाटू धाम है निराला और पावन मेरे श्याम ।
विश्वास लेके मन में सब आते तेरे धाम ।
तुम सुनते हो सबकी विनती धनी ।
तेरी किरपा की मुझको जरुरत घनी ।

3. कहा जाऊ बतादे मुझको मेरे घनश्याम ।
तेरे दर के सिवा कुछ न अब दिखे मेरे श्याम ।
सुनलो विनती 'आलोक' की श्याम धनी ।
तेरी किरपा की मुझको जरुरत घनी ।

॥ जय श्री श्याम ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1391/title/khatu-wale-baba-mere-shyam-dhani-teri-kirpa-ki-mujhko-jaroorat-ghani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |